केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,
दिल्ली-110032

फा.सं.सी-27011/4/2018/प.व.ज.मं./ 752 **दिनांकः 24.02.2021**

परिपत्र

विषयः मंत्रालय की मासिक मॉनिटरिंग के तहत केंद्रीय बोर्ड द्वारा समेकित मासिक रिपोर्ट के प्रेषण के संबंध में।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (राजभाषा प्रभाग) से दिनांक 05.02.2021 के कार्यालय ज्ञापन सं. ई.11014/02/2020-रा.भा.(का.) के अधीन यह सूचित किया गया है कि राजभाषा विभाग में समय-समय पर हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुसरण में और संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के अपेक्षाओं के अनुसार, मंत्रालय के नियंत्रणाधीन प्रत्येक कार्यालय में सरकारी कामकाज को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से हिंदी के तिमाही प्रगति प्रतिवेदन के अतिरिक्त मासिक मॉनिटरिंग का भी निर्णय लिया गया है।

2. तदनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली को हिंदी के कामकाज के संबंध में मासिक मॉनिटरिंग का प्रतिवेदन मंत्रालय को प्रेषित किया जाना अपेक्षित है।

3. अतः सभी प्रभाग प्रमुखों को यह अनुरोध किया जाता है कि वे हिंदी में किए गए कामकाज का ब्योरा राजभाषा प्रभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित प्रपत्र में भरकर प्रत्येक माह के अंतिम कार्यदिवस के पश्चात आगामी माह के 2 तारीख तक रिपोर्ट राजभाषा प्रभाग को प्रेषित करें ताकि उन आंकड़ों का समेकन करके एवं आगामी आवश्यक कार्रवाई के पश्चात मंत्रालय को प्रेषित किया जा सके।

यह सक्षम प्राधिकारी, केंद्रीय बोर्ड के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(हेमलता रहेजा)
प्रशासनिक अधिकारी

सेवा में,

....

वितरण:

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड के निजी सहायक - अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. प्रशासनिक अधिकारी, सदस्य सचिव अनुभाग - सदस्य सचिव महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. सभी प्रभाग प्रमुख - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. सूचना पट्ट

प्रशासनिक अधिकारी